निविदा सूचना

“सरस्वती शिक्षा परिषद, माल्देपुर, बलिया” द्वारा संचालित नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर माल्देपुर, बलिया में नवीन छात्रावास भवन के निर्माण हेतु अनुभवी ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से संबंधित प्रमुख बिंदु इस प्रकार से है-

1. विद्यालय द्वारा छात्रावास निर्माण हेतु प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे बालू, सीमेंट सरिया, ईट, गिट्टी, विद्यालय द्वारा समयानुसार उपलब्ध कराया जाएगा ठेकेदार द्वारा इसके अलावा निर्माण कार्य हेतु अनुबंध किया जाएगा |
2. निविदा के अंतर्गत वित्तीय एवं तकनीकी दोनों निविदा शामिल होंगी सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खुलने के बाद इसमें अर्ह पाए जाने वाले फर्मों की निविदा समिति के निर्णय के बाद ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी |
3. निविदादाता की फर्म जीएसटी में पंजीकृत होना अनिवार्य है साथ ही उस फर्म की आयकर विवरणी भी समय अनुसार दाखिल होनी चाहिए, जिसकी प्रमाणित छायाप्रतियाँ एवं संबंधित कार्य विषयक पंजीकरण प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है |
4. फर्म द्वारा समस्त आवश्यक पंजीयन प्रपत्र एवं लाइसेंस प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है |
5. निविदादाता की फर्म को समान कार्य करने का 3 वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य है |
6. निविदादाता फर्म को विगत दो वर्षो से दो करोड रुपए प्रतिवर्ष टर्नओवर होना चाहिए जिसकी ऑडिटेड बैलेंस शीट संलग्न करना अनिवार्य है |
7. निविदादाता के प्रत्येक संलग्नक प्रपत्र, आवेदन पत्र को निविदादाता का स्वप्रमाणित किया जाना आवश्यक है |
8. निविदादाता की फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा कि निविदादाता विद्यालय के आचार्य अथवा स्टाफ का सगा संबंधी अथवा प्रबंध समिति के सदस्यों का सगा संबंधी अथवा रिश्तेदार नहीं होगा |
9. निविदादाता की फर्म किसी विभाग में ब्लैकलिस्टेड नहीं है इसका भी शपथ पत्र संलग्न करना होगा |
10. निविदादाता को निर्माण कार्य करने का रोड मैप बनाकर देना अनिवार्य होगा जिसमें कार्य को चरणों में पूर्ण करने की अवधि भी स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए |
11. निविदादाता द्वारा समस्त शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा जिसकी लिखित सहमति इस अभिलेख पर देते हुए इसे तकनीकी अहर्ता में सम्मिलित करना आवश्यक होगा | किसी भी एक शर्त का पालन न करने पर अथवा आधे अधूरे रूप में शर्तो का पालन करने वाले निविदादाता की निविदा अयोग्य अथवा अस्वीकार कर दी जाएगी |

12. निविदादाता को उपरोक्त कार्य करने हेतु एक मुश्त धनराशि अथवा स्क्वायर फीट के हिसाब से रेट quote करना होगा, जोकि मय जीएसटी होगा, जीएसटी की अलग से कोई धनराशि नहीं दी जाएगी |
13. नियमानुसार देय राशि में से टीडीएस एवं अन्य कारों की कटौती की जाएगी |
14. निर्माण कार्य हेतु देय धनराशि निविदादाता द्वारा दिए किए गए प्रमाणित कार्य के सापेक्ष चरणों में दी जाएगी |
15. तकनीकी निविदा की स्वीकृति के पश्चात रुपए 5 लाख की धनराशि का डिमांड ड्राफ्ट या एफडीआर जो की विद्यालय के नाम से दे होगा उसे जमानत के रूप में 7 दिन के अंदर जमा करना होगा जिस पर कोई ब्याज नहीं देय होगा यह धनराशि कार्य समाप्ति के पश्चात वापस कर दी जाएगी |
16. निविदादाता द्वारा द्वारा समय अनुसार कार्य पूर्ण करने अथवा निर्धारित मानक से कार्य पूरा न करने अथवा गुणवत्ता से कार्य न करने की स्थिति में जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी तथा देय राशि में से भी कटौती की जाएगी |
17. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा |
18. निविदा शुल्क₹1000 रखा गया है जो कि निविदा जमा करते समय देय होगा |
19. निविदा से संबंधित सभी प्रपत्र विद्यालय की वेबसाइट www.nagajimaldepur.in पर उपलब्ध है, साथ ही बिल्डिंग प्लान भी निरीक्षण हेतु विद्यालय के कार्यालय में उपलब्ध है |
20. निविदादाता को 21-12-2023 अपराह्न 02 बजे तक सील बंद लिफाफे में अलग अलग निविदा विद्यालय के कार्यालय में रखे गए बॉक्स में डालनी होगी, बाद में निविदा समिति द्वारा सही समय का चुनाव कर तकनीकी निविदा खोली जाएगी |